**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# पूर्व उपराज्यपाल के निधन पर दुःख व्यक्त किया

लखनऊः 22 जून, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने पुडुचेरी के पूर्व उपराज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव, श्री त्रिभुवन प्रसाद तिवारी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक सन्देश में कहा है कि स्व0 श्री त्रिभुवन प्रसाद तिवारी 1953 बैच के भारतीय प्रशासनिक अधिकारी थे जिन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए प्रदेश की सेवा की। वे उत्तर प्रदेश राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष भी रहे। श्री तिवारी ने गीता सहित कई विषयों पर पुस्तकें भी लिखी जो काफी लोकप्रिय हैं। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करने की कामना करते हुए परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

---------